Title: Need for early construction of a new railway bridge at Tatmill in Kanpur.

श्री श्रीप्रकाश जायसवाल (कानपुर) : महोदय, कानपुर महानगर की आबादी के बढ़ने के साथ वहाँ की यातायात समस्या काफी गंभीर हो गई है। टाट मिल चौराहा से दक्षिण कानपुर जाने के लिए केवल एक रेलवे पुल है जो काफी पुराना एवं संकरा है। इसकी वजह से वहाँ पर सुचारु यातायात का घोर संकट है। वहाँ पर पुराने रेल पुल के स्थान पर नए पुल के निर्माण के लिए मैं रेल मंत्रालय से निरंतर अनुरोध करता रहा हूँ। यहाँ तक कि राज्य सरकार की ओर से दिये जाने वाले अंशधन को मैं सांसद स्थानीय विकास निधि के अपने कोा से भी दिए जाने का लिखित प्रस्ताव कर चुका हूँ, किन्तु सरकार की ओर से इस विाय में कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। इससे वहाँ पर स्थिति काफी खराब होती जा रही है।

अतः सरकार से मेरा पुनः निवेदन है कि कानपुर में टाट मिल वाले पुराने रेल पुल के स्थान पर नए पुल का निर्माण यथाशीघ्र कराया जाए जिससे वहाँ की यातायात समस्या का हल हो सके तथा इसके लिए राज्य सरकार की ओर से किए जाने वाले आर्थिक अंशदान का मैं अपनी सांसद निधि से योगदान करने को तत्पर हूँ।